ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 18-10-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-10-18 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-10-19	2021-10-20	2021-10-21	2021-10-22	2021-10-23
वर्षा (मिमी)	180.0	60.0	8.0	3.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	14.0	16.0	19.0	21.0	23.0
न्यूनतम तापमान(से.)	10.0	9.0	9.0	9.0	8.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	95	95	90	85
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	75	75	70	70	70
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	70	70	70	300	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	8	7	1	1	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

आज 18 अक्टूबर को भारी से बहुत भारी वर्षा तथा 19 अक्टूबर को मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है तद्पश्चात् 20 से 21 अक्टूबर को कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है लेकिन आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 14.0 से 23.0 व 8.0 से 10.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-8.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः आज 18 अक्टूबर को कई स्थानों पर (लगभग 50 से 75 पतिशत क्षेत्र में) भारी से बहुत भारी वर्षा, कहीं-कहीं (लगभग 25 प्रतिशत क्षेत्र में) अत्यधिक भारी वर्षा तथा 19 अक्टूबर को कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है। आज 18 अक्टूबर को कुछ स्थानों पर (लगभग 25 से 50 प्रतिशत क्षेत्र में) तथा 19 अक्टूबर को कहीं-कहीं (लगभग 25 प्रतिशत क्षेत्र में) मध्यम गरज के साथ बिजली गिरने/ओलावृष्टि होने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| मध्यम से भारी वर्षा की सम्भावना को देखते हुए फसल की सिंचाई न करें तथा रसायनों के छिड़काव से बचें।

लघु संदेश सलाहकार:

आज 18 अक्टूबर को भारी से बहुत भारी वर्षा तथा 19 अक्टूबर को मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है तद्पश्चात् 20 से 21 अक्टूबर को कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है|

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	पर्वतीय क्षेत्रों (1700 मीटर से नीचे के) में गेहूँ की संस्तुत प्रजातियों वीएल 719, वीएल 804, वीएल 802, एचएस 240 तथा एचडी 2380 की समय से बुवाई अक्टूबर के द्वितीय पक्ष में मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
जौ	असिंचित दशा में, कम व मध्यम ऊचाई वाले क्षेत्रों में जौ फसल की बुवाई माह के द्वितीय पखवाड़े में करें। बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
मसूर की दाल	मसूर की बुवाई कम ऊचाई वाले क्षेत्रों में असिंचित दशा में तथा मध्यम ऊचाई वाले क्षेत्रों में सिंचित दशा में, माह के द्वितीय पखवाड़े में मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
फील्ड पी	मटर की बुवाई कम ऊचाई वाले क्षेत्रों में असिंचित दशा में तथा मध्यम ऊचाई वाले क्षेत्रों में सिंचित दशा में, माह के द्वितीय पखवाड़े में करें। बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
चुकंदर	जो किसान भाई पर्वतीय क्षेत्र में चुकन्दर की बुवाई करना चाहते है वह इस माह बुवाई कर सकते है। बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
मेंथी	किसान भाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर मेथी की बुवाई कर सकते है।
सब्जी पीईए	किसान भाई मटर की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें तथा बुवाई से पूर्व बीज को बावस्टिन के 2 ग्राम/किग्रा बीज की दर से उपचारित करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	दुधारु पशुओं को हमेशा चारे की उपलब्धता का ध्यान रखे, ताकि उनमें बिटामिन और आवश्यक तत्वों की कमी वाली बिमारियॉ न हो।
गाय	ज्यादातर गाय/ भैंस इस माह मदकाल में आते हैं। इसलिए पशुओं में मदकाल के लक्षणों का सुबह-शाम नियमित रुप से निरीक्षण करें, ताकि पशु का मदकाल बिना गर्भ धारण के निकल न जायें।